आत्म-रमण

Ātma-ramaṇa

कविश्री मनोहरलाल वर्णी 'सहजानंद'

Kaviśrī manōharalāla varṇī 'sahajānanda'

मैं दर्शन-ज्ञान-स्वरूपी हूँ, मैं सहजानंद-स्वरूपी हूँ ।
हूँ ज्ञानमात्र परभाव शून्य, हूँ सहज-ज्ञानघन स्वयंपूर्ण ।
हूँ सत्य-सहज आनंद धाम, मैं सहजानंद-स्वरूपी हूँ ॥१॥
Maiṁ darśana-jñāna svarūpī hūṁ, maiṁ sahajānanda-svarūpī hūṁ |
Hūṁ jñānamātra parabhāva śūn'ya, hūṁ sahaja-jñānaghana svayampūrṇa |
Hūṁ satya-sahaja ānanda dhāma, maiṁ sahajānanda-svarūpī hūṁ ||1||

हूँ खुद का ही कर्ता भोक्ता, पर में मेरा कुछ काम नहीं ।
पर का न प्रवेश, न कार्य यहाँ, मैं सहजानंद-स्वरूपी हूँ ॥२॥
Hūṁ khuda kā hī kartā bhōktā, para mēṁ mērā kucha kāma nahīṁ |
Para kā na pravēśa, na kārya yahāṁ, maiṁ sahajānanda-svarūpī hūṁ ||2||

आऊँ, उतरूँ, रम लूँ निज में, निज की निज में दुविधा ही क्या ।
निज-अनुभव-रस से सहज-तृप्त, मैं सहजानंद-स्वरूपी हूँ ॥३॥
Ā'ūṁ, utarūṁ, rama lūṁ nija mēṁ, nija kī nija mēṁ duvidhā hī kyā |
Nija-anubhava-rasa sē sahaja-tṛpta, maiṁ sahajānanda-svarūpī hūṁ ||3||

* * * A * * *

All copyrights reserved © 2Alotus